आईसीएआर-निनफेट में विश्व बौद्धिक संपदा दिवस समारोह पर प्रतिवेदन

30 अप्रैल, 2026; कोलकाता:

आईसीएआर-राष्ट्रीय प्राकृतिक रेशा अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (निनफेट), कोलकाता में 30 अप्रैल, 2026 को विश्व बौद्धिक संपदा (आईपी) दिवस 2026 बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस आयोजन का उद्देश्य बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), नवाचार तथा वैज्ञानिक एवं तकनीकी प्रगति के संरक्षण हेतु उपयुक्त विधिक ढांचे के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। यह आयोजन विश्व आईपी दिवस 2026 की थीम "आईपी और खेल : रेडी, सेट, इनोवेट" के अनुरूप आयोजित किया गया, जो खेल क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में रचनात्मकता, तकनीकी उन्नति, ब्रांडिंग एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में बौद्धिक संपदा की भूमिका को रेखांकित करती है।

कार्यक्रम की गरिमामयी उपस्थिति आईसीएआर-निनफेट के निदेशक डॉ. डी. बी. शक्यवार ने बढ़ाई। अपने संबोधन में उन्होंने कृषि अनुसंधान, प्रौद्योगिकी व्यावसायीकरण एवं संस्थागत विकास में बौद्धिक संपदा के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज एवं राष्ट्रहित में नवाचारी अनुसंधान परिणामों के संरक्षण की आवश्यकता पर विशेष बल दिया।

इस अवसर पर कोलकाता के पेटेंट एवं डिजाइन के संयुक्त नियंत्रक डॉ. जितेन्द्र कुमार प्रधान ने "भारत में बौद्धिक संपदा (आईपी) एवं पेटेंट प्रणाली का परिचय" विषय पर मुख्य व्याख्यान प्रस्तुत किया। व्याख्यान में बौद्धिक संपदा के विभिन्न स्वरूपों, पेटेंट आवेदन प्रक्रिया, कानूनी संरक्षण तंत्र तथा नवाचार, उद्यमिता एवं ज्ञान-आधारित विकास को प्रोत्साहित करने में आईपीआर की रणनीतिक भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी गई। सत्र अत्यंत संवादात्मक रहा तथा प्रतिभागियों द्वारा इसकी सराहना की गई।

यह कार्यक्रम वैज्ञानिक समुदाय एवं युवा शोधकर्ताओं के बीच बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति जागरूकता एवं समझ को बढ़ाने हेतु एक प्रभावी मंच सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में वैज्ञानिकों, तकनीकी अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विद्यार्थियों, शोध सहयोगियों तथा वरिष्ठ अनुसंधान फेलोज सहित लगभग 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

(स्रोत: आईसीएआर-निनफेट, कोलकाता)

Report on World Intellectual Property Day Celebration at ICAR-NINFET

April 30, 2026; Kolkata:

On 30th April, 2026, ICAR-NINFET celebrated World Intellectual Property (IP) Day 2026 with great enthusiasm to promote awareness on Intellectual Property Rights (IPR), innovation, and the importance of protecting scientific and technological advancements through appropriate legal frameworks. The celebration was aligned with the World IP Day 2026 theme: "IP and Sports: Ready, Set, Innovate," which recognizes the role of intellectual property in fostering creativity, technological advancement, branding, and economic growth in the sports sector and beyond.

The programme was graced by Dr. D. B. Shakyawar, Director, ICAR-NINFET, who emphasized the growing significance of intellectual property in agricultural research, technology commercialization, and institutional development. He highlighted the need to safeguard innovative research outputs for the benefit of society and national progress. A keynote lecture was delivered by Dr. Jitendra Kumar Pradhan, Joint Controller of Patents & Designs, Kolkata on "An Overview of Intellectual Property (IP) & Patenting System in India." The lecture provided comprehensive insights into various forms of intellectual property, patent filing procedures, legal protection mechanisms, and the strategic role of IPR in encouraging innovation, entrepreneurship, and knowledge-based growth. The session was highly interactive and greatly appreciated by the participants.

The programme served as an effective platform for enhancing awareness and understanding of intellectual property rights among the scientific community and young researchers. Around 50 participants, including scientists, technical officers, administrative officers, students, research associates, and senior research fellows, attended the event.

(Source: ICAR-NINFET, Kolkata)

कार्यक्रम की झलकियाँ/ Glimpses of the Event